एफएसएसएआई
fssai

तत्काल जारी करने हेतु

**स्विफ्ट 2.0 के तहत एफएसएसएआई-सीबीआईसी एकीकरण से खाद्य आयात मंज़ूरी प्रक्रिया हुई सुगम**

**खाद्य आयात में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए एफएसएसएआई और सीबीआईसी ने स्विफ्ट 2.0 पायलट को किया लॉन्च**

**स्विफ्ट 2.0 से खाद्य आयात प्रक्रिया हुई सुगम – 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को मिला प्रोत्साहन**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली; 12 नवम्बर 2025:** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (**एफएसएसएआई**) ने उन्नत **स्विफ्ट 2.0 (SWIFT 2.0)** पहल के तहत अपने **फूड इम्पोर्ट क्लीयरेंस सिस्टम (FICS)** को **केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC)** के **आईसगेट (ICEGATE)** प्लेटफ़ॉर्म के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया है।

एफएसएसएआई का **फूड इम्पोर्ट क्लीयरेंस सिस्टम (FICS)** पहले **स्विफ्ट 1.0 (SWIFT 1.0)** के तहत **सीबीआईसी के आईसगेट (ICEGATE)** प्लेटफ़ॉर्म से एकीकृत किया गया था। उस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, **स्विफ्ट 2.0 (SWIFT 2.0)** के तहत किया गया यह प्रमुख डिजिटल एकीकरण **'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' और व्यापार सुगमता** को बढ़ावा देने के लिए सरकार की दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक **महत्वपूर्ण उपलब्धि** है।

यह प्रणाली अब देश के चार प्रमुख प्रवेश बिंदुओं – **आईसीडी दादरी (INDER6)**, **आईसीडी स्टार ट्रैक (INSTT6)**, **आईसीडी अल्बाट्रॉस (INAPL6)** और **आईसीडी पाटपड़गंज (INPPG6)** – पर **पायलट आधार** पर शुरू की गई है। इन स्थानों पर आने वाले आयातित खाद्य उत्पादों के लिए आयातक अब **स्विफ्ट पोर्टल (ICEGATE)** के माध्यम से **एफएसएसएआई एनओसी (NOC)** प्राप्त कर सकते हैं।

एफएसएसएआई और सीबीआईसी के बीच यह **साझा पहल** देश में **खाद्य आयात मंज़ूरी प्रक्रिया को अधिक स्मार्ट, तीव्र और सुरक्षित** बनाने के लिए **प्रौद्योगिकी के उपयोग** के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

यह एकीकरण **आयात मंज़ूरी प्रक्रिया को और अधिक सुगम और पारदर्शी** बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिससे पूरे सिस्टम में **दक्षता** को बढ़ावा मिले। मानव हस्तक्षेप को उल्लेखनीय रूप से कम करके यह प्रक्रिया में **विलंब को न्यूनतम** करती है और **अधिक निष्पक्षता व जवाबदेही** सुनिश्चित करती है। इससे **कार्गो क्लियरेंस का समय घटता है** और **व्यवसाय करने की कुल लागत में कमी** आती है, जिससे यह पहल सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे **'डिजिटल इंडिया'** और **'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस'** के उद्देश्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

**स्विफ्ट 2.0 (SWIFT 2.0)** के तहत **एफएसएसएआई-सीबीआईसी एकीकरण** के सफल पायलट लॉन्च के बाद, इस प्रणाली को चरणबद्ध रूप से देशभर के सभी प्रमुख **खाद्य आयात बिंदुओं** पर विस्तारित किया जाएगा। इससे एक **अधिक दक्ष और प्रौद्योगिकी-आधारित खाद्य आयात मंज़ूरी प्रणाली** सुनिश्चित होगी।

एफएसएसएआई देश में **दक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित खाद्य आयात प्रक्रियाओं** को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के **खाद्य सुरक्षा पारितंत्र** को और मजबूत किया जा सके तथा राष्ट्र के **व्यापार सुगमता लक्ष्यों** को सशक्त समर्थन मिल सके।

***